होम ग्राउंड जयपुर नहीं रहा अब राजस्थान रॉयल्स टीम का अजेय किला

लखनऊ की फॉर्म बढ़ा सकती है मुश्किलें

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

आईपीएल 2026 के 64वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स का सामना लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा।

लखनऊ भले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है, लेकिन टीम अब राजस्थान रॉयल्स की राह मुश्किल करने के इरादे से उतरेगी। राजस्थान के लिए यह मुकाबला करो या मरो जैसा है। जयपुर कभी राजस्थान रॉयल्स का सबसे मजबूत घरेलू मैदान माना जाता था, लेकिन पिछले

दो सीजन में तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। आईपीएल 2025 से अब तक राजस्थान रॉयल्स ने जयपुर में आठ मैच खेले हैं, जिनमें सिर्फ एक जीत मिली और सात मुकाबले गंवाए। इस सीजन टीम अपने घर में अब तक तीनों मैच हार चुकी है। आईपीएल 2024 तक जयपुर में राजस्थान रॉयल्स का जीत प्रतिशत 65 था, जो अब गिरकर 12.5 प्रतिशत रह गया है। वहीं जयपुर में राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ के बीच तीन मैच हुए हैं, जिनमें दो बार लखनऊ ने जीत दर्ज की।

जायसवाल की गिरती फॉर्म चिंता

यशस्वी जायसवाल ने सीजन की शुरुआत दमदार अंदाज में की थी, लेकिन पिछले आठ मैचों में उनका प्रदर्शन लगातार गिरा है। शुरुआती चार पारियों में 183 रन बनाने वाले जायसवाल बाद की आठ पारियों में सिर्फ 144 रन ही बना सके हैं। इस सीजन वह 12 में से सात बार पावरप्ले में आउट हुए हैं, जिससे राजस्थान रॉयल्स को तेज शुरुआत नहीं मिल पा रही। जयपुर में भी उनका प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। जहां 2025 में उन्होंने यहां 282 रन बनाए थे, वहीं इस सीजन तीन पारियों में सिर्फ 19 रन ही बना पाए हैं। हालांकि लखनऊ के खिलाफ उनका रिकॉर्ड बेहतर रहा है।

लखनऊ की बल्लेबाजी में बड़ा बदलाव

सीजन के शुरुआती हिस्से में संघर्ष करने वाली लखनऊ की बल्लेबाजी अब लय में दिख रही है। पहले आठ मैचों में टीम का रनरेट 8.1 था, जो पिछले चार मैचों में बढ़कर 10.9 हो गया है। बल्लेबाजी औसत भी 20.1 से बढ़कर 43.6 पहुंच गया। पावरप्ले में भी टीम का खेल बदला है। शुरुआती आठ मैचों में 13 विकेट गंवाने वाली लखनऊ ने पिछले चार मैचों में सिर्फ दो विकेट खोए हैं और रनरेट 14 तक पहुंचा दिया है।

नई गेंद से गेंदबाजी में लखनऊ का दबदबा

लखनऊ की गेंदबाजी इस सीजन पावरप्ले में लगातार असरदार रही है। टीम शुरुआती छह ओवरों में 22 विकेट लेकर इस मामले में तीसरे स्थान पर है। सबसे खास बात यह है कि लखनऊ का पावरप्ले इकॉनमी रेट 8.5 है, जो टूर्नामेंट में सबसे बेहतर है। इसके मुकाबले राजस्थान रॉयल्स का पावरप्ले इकॉनमी 10.1 रहा है। पिछली भिड़ंत में भी लखनऊ के तेज गेंदबाजों ने राजस्थान रॉयल्स के टॉप ऑर्डर को काफी परेशान किया था। अब जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के लिए घरेलू दबाव और लखनऊ की फॉर्म, दोनों बड़ी चुनौती बनने वाले हैं।

व्यापार

ईंधन की बढ़ती कीमतों का असर अब सीधे रोजमर्रा के खर्चों पर

बढ़ेगी आफत, खाने-पीने की चीजों के अलावा सब कुछ हो सकता है महंगा

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

अगर आपको लगता है कि पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों का असर सिर्फ आपकी गाड़ी के खर्च तक सीमित है, तो ऐसा नहीं है। भारत में ज्यादातर सामान ट्रकों के जरिए एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाया जाता है। ऐसे में डीजल महंगा होने का सीधा असर माल ढुलाई और लॉजिस्टिक्स लागत पर पड़ता है।

यही वजह है कि आने वाले दिनों में खाने-पीने की चीजों से लेकर यात्रा और ऑनलाइन डिलीवरी तक सब कुछ महंगा हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, ईंधन की कीमतें ऊंची रहने पर इन सेक्टर्स में सबसे ज्यादा असर देखने को मिल सकता है।

पैकेटबंद फूड और ड्रिंक्स

बिस्कुट, स्नैक्स, नूडल्स और कोल्ड ड्रिंक्स हो सकते हैं महंगे एफएमसीजी कंपनियों के कुल खर्च का बड़ा हिस्सा माल ढुलाई पर खर्च होता है। डीजल महंगा होने से कंपनियों की सप्लाई लागत बढ़ रही है।

संभावित असर

■ बिस्कुट, चिप्स और स्नैक्स के दाम बढ़ सकते हैं
■ इंस्टेंट नूडल्स और ड्रिंक्स महंगे हो सकते हैं
■ कंपनियां पैकेट का साइज छोटा कर सकती हैं

दूध और डेयरी प्रोडक्ट्स

दही, पनीर, मक्खन और आइसक्रीम के बढ़ सकते हैं दाम दूध कंपनियां पहले ही परिवहन लागत बढ़ने का हवाला देकर कीमतें बढ़ा चुकी हैं। अब डीजल महंगा होने से डेयरी प्रोडक्ट्स की लागत और बढ़ सकती है।

संभावित असर

■ दूध ■ दही ■ पनीर ■ घी ■ आइसक्रीम

फल-सब्जियां और किराना होगा महंगा

रसोई का बजट बिगड़ने के आसार भारत की खाद्य आपूर्ति पूरी तरह सड़क परिवहन पर निर्भर है। खेतों से मंडियों और मंडियों से दुकानों तक सामान पहुंचाने की लागत बढ़ रही है।

संभावित असर

■ फल और सब्जियों के दाम बढ़ सकते हैं
■ दाल और अनाज महंगे हो सकते हैं
■ किराने का मासिक खर्च बढ़ सकता है

खेती की लागत में बढ़ोतरी

कृषि क्षेत्र में ट्रैक्टर, सिंचाई पंप और हार्वेस्टर जैसे उपकरण डीजल पर चलते हैं। इससे खेती का खर्च बढ़ेगा।

किसानों पर असर

■ खेत की जुताई महंगी
■ सिंचाई खर्च बढ़ा
■ फसल मंडी तक पहुंचाना महंगा

नतीजा

आने वाले समय में अनाज और खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ सकते हैं।

ऑनलाइन डिलीवरी और ई-कॉमर्स महंगा

फूड और शॉपिंग ऐप्स बढ़ा सकते हैं चार्ज

ई-कॉमर्स और फूड डिलीवरी कंपनियों की पूरी व्यवस्था लॉजिस्टिक्स नेटवर्क पर आधारित है।

क्या बदल सकता है?

■ डिलीवरी चार्ज बढ़ सकते हैं
■ फ्री डिलीवरी के नियम सख्त हो सकते हैं
■ डिस्काउंट और ऑफर कम हो सकते हैं
■ साबुन-शैम्पू जैसी रोजमर्रा की चीजें भी महंगी

हल्के हरे निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार

● मुंबई / राज न्यूज नेटवर्क

सोमवार को एक भारी उठापटक भरे कारोबारी सत्र के बाद सेंसेक्स और निफ्टी लगभग सपाट बंद हुए। आईटी शेयरों में आई मजबूत बढ़त ने बेंचमार्क इंडेक्स को शुरुआत में आई भारी गिरावट से उबरने में मदद की।

यह गिरावट कमजोर ग्लोबल संकेतों, कच्चे तेल की बढ़ी हुई कीमतों और भू-राजनीतिक तनाव के कारण हुई थी। कारोबारी सत्र के अंत में सेंसेक्स 77.05 अंक या 0.10 फीसदी बढ़कर 75,315.04 पर बंद हुआ। जबकि निफ्टी 6.45 अंक या 0.03 प्रतिशत बढ़कर 23,649.95 पर सेटल हुआ। पूरे सत्र के दौरान ब्रॉडर मार्केट का रुख काफी कमजोर बना रहा, जहां 1,216 शेयरों में बढ़त के मुकाबले 2,891 शेयरों में गिरावट दखने को मिली। आईटी शेयर आज बाजार के लिए सबसे बड़ा सहारा बनकर उभरे, जबकि ऑटो,पीएसयू बैंक, मीडिया और मेटल शेयरों पर दबाव बना रहा। वोलैटिलिटी इंडेक्स में भी लगभग 4.5 प्रतिशत की तेजी आई, जो बाजार में बढ़ते उतार-चढ़ाव को दर्शाता है। ब्रॉडर इंडेक्सों में गिरावट के कारण, शुक्रवार को बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन लगभग 461 लाख करोड़ से घटकर 458 लाख करोड़ रह गया, जिससे निवेशकों को एक ही सत्र में लगभग 3 लाख करोड़ का नुकसान हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी, रुपये की कमजोरी और मध्य-पूर्व में चल रहे संघर्ष को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण बाजार का रुख सतर्क बना रहा। ब्रेंट क्रूड 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चला गया। भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96.33 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ।

पश्चिम रेलवे-रतलाम

"निविदा सूचना"

Tender Notice No.: EL81-1-2026-27-03RT2 Date: 15-05-2026. Name of work: रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप दाहोद एवं कालिडैम पंप हाउस का एनर्जी ऑडिट। Location: सहायक परियोजना प्रबन्धक (बिजली), सी साइट, ग्रीनैंडगंज, दाहोद –389160 (गुजरात)। **Approximate Cost of the work: ₹5,09,760/- Date & time of Submission & opening of E-Tender:** Submission Up to 15.00 Hrs on **05.06.2026** and & the tenders will be opened at 15.30 Hrs on the same day. The Tender Notice and documents uploaded on the website **www.ireps.gov.in**/E-Tenders/Works/IR Electrical by this office. 0056

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

भारतीय खाद्य निगम
क्षेत्रीय कार्यालय, चेतक भवन महाराणा प्रताप नगर, भोपाल-462011- (म.प्र.) phone:0755-2573444, FAX: 0755-2573418, E-mail:- srmmp.fci@nic.in

क्र.एलएचडी/15/आरटीसी/एलआईटी/2026/14 दिनांक : 19.05.2026

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश से अन्य राज्यों के विभिन्न गंतव्यों हेतु नियमित सड़क परिवहन ठेकेदार (RTC) की दो वर्ष की अवधि हेतु नियुक्ति के लिए Government E Marketing Portal (URL:https://gem.gov.in) पर online प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। कार्य की जानकारी, महत्वपूर्ण तिथियां, ईएमडी एसडी एवं निविदा के बारे में विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.fci.gov.in & www.gem.gov.in** पर उपलब्ध विस्तृत एनआईटी एवं एमटीएच में देखा जा सकता है।

किसी विवाद की स्थिति में निविदा आमंत्रण सूचना का अंग्रेजी रूपांतरण मान्य/वैध होगा।

महाप्रबंधक (क्षेत्र)

कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड
CAPRI GLOBAL CAPITAL LIMITED
पंजीकृत एवं कार्पोरेट कार्यालय :- 502, टॉवर-ए, धनिनसुता बिजनेस पार्क, नेगाबाग बाघ मार्ग, लोअर परेल, मुम्बई-400013
मंडल कार्यालय :- 9-बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, राजेन्द्र पैलेस, नई दिल्ली-110060

आधिपत्य सूचना परिशिष्ट IV (अचल संपत्ति के लिए)

जहां कहीं, सिक्यूरीटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनेन्सियल एस्टेट्स एवं इंफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंट्रस्ट एक्ट 2002 के साथ सपठित सिक्यूरिटी इंट्रस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 का नियम 3 के साथ धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरकर्ता ने कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (सीजीसीएल) कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी तौर पर उपरोक्त सूचना की प्राप्ति से 60 दिनस के अंदर सूचना में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान करने हेतु ऋणकर्ताओं/प्रतिभूतिकर्ताओं को मांग पत्र (सों) जारी किया था। ऋणकर्ता(गण)/प्रतिभूतिकर्ता(गण) राशि का पुर्नभुगतान करने में असफल रहे है इस सूचना द्वारा ऋणकर्ता(गण)/प्रतिभूतिकर्ता(गण) एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में यह सूचना दी जाती है कि सिक्यूरिटी इंट्रेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 के नियम 8 के साथ उपरोक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा (4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए वर्णित संपत्ति पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने अधिग्रहण कर लिया है। ऋणकर्ता का ध्यान उपलब्ध समयसीमा में सुरक्षित संपत्तियों को पुनः प्राप्त करने हेतु अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) की ओर दिलाया जाता है। ऋणकर्ताओं को विशेष रूप में एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में यह चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार ना करें एवं संपत्ति के साथ कोई व्यवहार सीजीसीएल की राशि एवं उस पर देय ब्याज के शुल्क के विषयातंर्गत होगा।

क्र. सं.	ऋणकर्ता(ओं) / प्रतिभूतिकर्ताओं का नाम	सुरक्षित संपत्ति (अचल संपत्ति) का विवरण	मांग सूचना दिनांक एवं राशि	अधिग्रहण की तिथि
1.	(लोन खाता संख्या **LNMEIND000058756 (नवा) 804000005637322 (नवा)** **हमारी इंदौर शाखा का) मनलखान सिंह (ऋणी) श्रीमती पपीता बाई (सह-ऋणी)**	**संपत्ति 1:** आवासीय संपत्ति का वह पूरा हिस्सा, जिसमें जमीन और इमारत शामिल है, जिसका मवन संख्या 45 है और जिसका क्षेत्रफल 576 वर्ग फुट. वार्ड संख्या 06, पी.एच. संख्या 07, ग्राम – हिंडोलिया, तहसील – सांवेर, जिला – इंदौर, मध्य प्रदेश – 453551. इसकी सीमाएं इस प्रकार हैं: उत्तर ऋणी का घर; दक्षिण मुख्य सड़क; पूर्व तेजराम की जमीन; पश्चिम ऋणी का घर। **संपत्ति 2:** आवासीय संपत्ति का वह पूरा हिस्सा, जिसमें जमीन और इमारत शामिल है, जिसका चाटि/भवन संख्या 45/1 है और जिसका क्षेत्रफल 4437 वर्ग फुट है। वार्ड संख्या 06, पी.एच. संख्या 07, ग्राम – हिंडोलिया, तहसील – सांवेर, जिला – इंदौर, मध्य प्रदेश – 453551. इसकी सीमाएं इस प्रकार हैं: उत्तर ऋणी का घर; दक्षिण सड़क; पूर्व तेजराम की जमीन; पश्चिम शेर सिंह का घर।	07–06–2025 रु. 20,76,725/–	14.05.2026

स्थान : भोपाल
दिनांक : 19.05.2026

हस्ता/- (प्राधिकृत अधिकारी)
कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (सीजीसीएल) के लिए

डॉलर के मुकाबले रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

सोमवार को भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले और कमजोर होकर 96.35 (प्रोविजनल) के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ।

मजबूत डॉलर, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों के कारण रुपये पर लगातार दबाव बना हुआ है।

फॉरेक्स ट्रेडर्स के अनुसार, अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने वैश्विक बाजारों का सेंटिमेंट कमजोर कर दिया है। इसका असर भारत समेत उभरती अर्थव्यवस्थाओं की मुद्राओं पर साफ दिखाई दे रहा है। बढ़ती तेल कीमतों और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की निकासी ने रुपये की कमजोरी को और बढ़ा दिया है।

शुरुआती कारोबार में ही टूटा रिकॉर्ड

इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में रुपया 96.19 प्रति डॉलर पर खुला और कारोबार के दौरान 96.25 तक फिसल गया, जो पिछले बंद भाव से 44 पैसे कमजोर था। दिन के अंत में रुपया 96.35 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। इससे पहले शुक्रवार को भी रुपया पहली बार 96 प्रति डॉलर के स्तर के नीचे पहुंच गया था और 95.81 पर बंद हुआ था। ट्रेडर्स का कहना है कि महंगे कच्चे तेल, मजबूत अमेरिकी डॉलर और जारी भू-राजनीतिक तनावों ने उभरते बाजारों की मुद्राओं के लिए मुश्किल हालात पैदा कर दिए हैं। भारत जैसे तेल आयातक देशों पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ रहा है।

कैंसर के मरीजों के लिए नई इंजेक्शन थेरेपी

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

भारत में कैंसर उपचार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। रोचे फार्मा इंडिया ने फेफड़ों के कैंसर के मरीजों के लिए नई इंजेक्शन आधारित थेरेपी टेसेनट्रिक लॉन्च की है। इस नई तकनीक की सबसे बड़ी खासियत यह है कि जहां पहले मरीजों को इलाज के लिए घंटों तक अस्पताल में IV ड्रिप लेनी पड़ती थी, वहीं अब यही दवा मात्र 7 मिनट में इंजेक्शन के जरिए दी जा सकेगी।

हर मरीज के लिए उपयुक्त नहीं

अब तक इस बीमारी के इलाज में दवा नसों के जरिए चढ़ाई जाती थी, जिसमें काफी समय लगता था। नई इंजेक्शन तकनीक से मरीजों का समय बचेगा और इलाज प्रक्रिया अधिक सुविधाजनक हो सकेगी।

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय, जिला उज्जैन म.प्र.

E-mail Add.:csurgeonuj@mp.nic.in
Fax no.: 0734-2557201 Phone no.: 0734-2551077 (0
क्र/रो.क.स./2026–27/2963 उज्जैन, दिनांक: 12/05/2026

ई-निविदा सूचना

जिला चिकित्सालय "चरक भवन" उज्जैन में संचालित होने वाली विभिन्न वार्ड एवं सेवाएन के सफल संचालन हेतु खाद्यान / कंटीजेंसी सामग्री सप्लाई हेतु नवीन ई-निविदा प्रथम आमंत्रण किया जाना है। इस हेतु निविदाएं ई-निविदा के माध्यम से www.mptenders.gov.in पोर्टल के माध्यम से दिनांक 20/05/2026 बुधवार से आमंत्रित की जाती है। ऑनलाइन प्राप्त निविदाएं दिनांक 11/06/2026 गुरुवार को 13.00 बजे ई-टेक्नरिंग समिति द्वारा उपस्थित निविदाकारो के समक्ष जिला चिकित्सालय "चरक भवन" उज्जैन के समाकक्ष में खोली जावेगी।

जारी निविदाएं वेबसाइट www.mptenders.gov.in से दिनांक 12/05/2026 से 10/06/2026 तक डाउनलोड की जा सकती है। प्रपत्र मूल्य राशि निम्नलिखित तालिका अनुसार किया जाना है। (ऑनलाइन भुगतान कर)

नोटः– निवीदाकर्ताओ को निविदा के साथ अर्नेस्ट मनी की ई. एम.डी. ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य है, ऑनलाइन जमा ना की गयी फर्म को स्वतः निविदा दौड़ से बहार किया जावेगा द्य फाइनेंसियल बिड एवं टेक्निकल बिड व अन्य समस्त जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है। ई-निविदा की संपूर्ण कार्यवाही ऑनलाइन ही रहेगी।

क्र.	कार्यविवरण / निविदा का नाम	दस्तावेज का मूल्य (ऑनलाइन)	जमा की जाने वाली ई.एम. डी. राशी (ऑनलाइन)	स्थान जहा पर निविदा का कार्य संचालित होगा	निविदा की अवधी
1	जिला चिकित्सालय "चरक भवन" उज्जैन विभिन्न वार्ड / विभाग हेतु लगने वाली खाद्यान सामग्री /कंटीजेंसी सामग्री की व्यवस्था के सफल संचालन संपादन हेतु प्रथम आमंत्रण।	1000/–	100000/–	जिला चिकित्सालय "चरक भवन" उज्जैन ।	2 वर्ष नवीन ई-निविदा अनुबंध होने तक ।

G-13078/26 "स्वच्छता स्वस्थता, संस्कार स्वस्थता"

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला उज्जैन म.प्र.

पश्चिम रेलवे-रतलाम

"ई-निविदा सूचना"

निम्न कार्य के लिए मण्डल रेल प्रबंधक (एस एण्ड टी) पश्चिम रेलवे रतलाम द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से व उनके लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्याः SnT_RTM_26_07_R_SIGNAL दिनांकः 15.05.2026।** कार्य का नामः रतलाम मंडलः नीमच–चित्तौड़गढ़ डबल लाइन रोकवन पर शुभुपुरा–नंगेरी रोड स्टेशनों के बीच इंटरमीडिएट कॉलेज सिग्नलिंग (आईबीएस) का प्रावधान के शेष कार्य के संबंध में एसएंडटी सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **कार्य की अनुमानित लागतः** ₹10485790.32/– **बयाना राशिः** ₹209700.00/–। **कार्य पूरा करने की अवधिः** 09 माह। **निविदा बंद करने का समय एवं दिनांकः** 08/06/2026 समय 15.00 बजे तक। **निविदा खुलने का समय एवं दिनांकः** 08/06/2026 समय 15.30 बजे के बाद। **निविदा अनुमान कार्यालय प्रभारी और बोली खोलने का स्थानः** सीनियर डीएसटीई रतलाम, डीआरएम कार्यालय रतलाम म.प्र. निविदा सिर्फ अनलाइन ई–निविदा पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर देखा व जमा किया जा सकता है। 0057

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे - वडोदरा मंडल
OHE संशोधन कार्य

ओपन 'ई' टेंडर नोटिस व. मंडल बिजली इंजीनियर (कर्षण वितरण) वडोदरा निविदा सूचना से इएल/टीआरडी/टेंडर/26-27/09 भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (कर्षण वितरण) वडोदरा द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये मुहरबंद निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। **क्र. सं. (1) निविदा संख्याः इएल/टीआरडी/टेंडर/26-27/09 कार्य का नामः** वडोदरा मंडल के सूरत-नैरतपुर और वडोदरा-गोधरा अनुभाग में 1x25 kV OHE को 2x25 kV OHE में परिवर्तित करने के लिए OHE के री-स्पेलिंग और री-ड्रॉपिंग के संबंध में OHE संशोधन कार्य। **कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 8,97,81,006.00/- **बोली प्रतिभूतिः** ₹ 17,95,600.00/- **निविदा की राशि एवं कार्य समापन की अवधिः** 18 माह **निविदा की समय सारणीः** निविदा बंद होने का दिनांक एवं समय 18/06/2026 15:00 बजे **वेबसाइट विवरण और सूचना का लोकेशन जहां पूर्ण विवरण देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता विवरण जानकारी के किये:** वेबसाइट विवरण **www.ireps.gov.in** मंडल रेल प्रबंधक (कर्षण वितरण) पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा - 390004. BRC-050

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे अनारक्षित स्पेशल ट्रेन का संचालन कर रहा है

ट्रेन नं.	मूल स्टेशन एवं गंतव्य	सेवा के दिवस	प्रस्थान	आगमन
09031	उधना – हसनपुर रोड (साप्ताहिक)	24.05.2026 से 14.06.2026	11:25 बजे (रविवार)	02:30 बजे (मंगलवार)
09032	हसनपुर रोड – उधना (साप्ताहिक)	26.05.2026 से 16.06.2026	05:30 बजे (मंगलवार)	21:40 बजे (अगले दिन)

हालटः दोनों दिशाओं में सायन, मरूच, वडोदरा, गोधरा, दाहोद, रतलाम, नागदा, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना, ईदगाह आगरा, टुंडला, गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, मिर्जापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर स्टेशन।

कंपोजीशनः जनरल सेकेंड क्लास कोचेस।

09151	उधना – मधुबनी (द्वि–साप्ताहिक)	20.05.2026 से 12.06.2026	08:35 बजे (बुध एवं शुक्र)	01:30 बजे (शुक्र एवं रवि)
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	21:50 बजे (अगले दिन)

हालटः सायन, मरूच, वडोदरा, गोधरा, दाहोद, [illegible] कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना, [illegible] दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, दानापुर, पाटलिपुत्र, [illegible] दरभंगा और समस्तीपुर स्टेशन।

कंपोजीशनः जनरल सेकेंड क्लास कोचेस।

विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया **www.enquiry.indianrail.gov.in** पर विजिट कर सकते हैं। उपरोक्त सभी ट्रेनें विशेष किराये पर विशेष ट्रेन के रूप में चलेंगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

Signature Not Verified
Digitally signed by RAHUL ANUPAM
Date: 2026.05.20 13:54:00 IST
Location: Madhya Pradesh MP